# राजस्थान सरकार
# निदेशालय कोष एवं लेखा, राज0 जयपुर

क्रमांक एफ4(ई) /(नि.प. 529/90)/अलेसे–III/ 10351-10355 दिनांक:– 21/11/13

**आदेश संख्या 313 /2013–14**

श्री शैलेन्द्र कुमार झा, कनिष्ठ लेखाकार (मैरिट संख्या 529/1990) की राजकीय सेवा मे कनिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यग्रहण तिथि 23.6.1995 है, श्री झा कनिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यग्रहण करने से पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–II के पद पर दिनांक 02.04.1986 से कार्यरत थे। राज्य सरकार के आदेश संख्या एफ 14 (88) एफ.डी./रूल्स/2008–I दिनांक 31.12.2009 के बिन्दु संख्या 7 (III) के अनुसरण में पुस्तकालयाध्यक्ष एवं कनिष्ठ लेखाकार का वेतनमान समान होने के कारण पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति तिथि 2.4.1986 के अनुसार दिनांक 2.4.2013 को 27 वर्ष की सेवा पूर्ण होती है।

अतः राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.11 (7) वित्त (नियम)/2008 दिनांक 12.09.2008 एवं आदेश संख्या एफ11 (7) वित्त (नियम) पार्ट– I/2008 दिनांक 06.10.2008 के अनुसरण मे श्री शैलेन्द्र कुमार झा को कनिष्ठ लेखाकार के पद की तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) वेतन श्रृंखला पी.बी.–2 (9300–34800) ग्रेड पे 4800/– में दिनांक 2.4.2013 से स्वीकृत की जाती है ।

श्री शैलेन्द्र कुमार झा को उनकी गत सात वर्षो के प्राप्त वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ. 14 (88) एफडी (नियम) 2008–I दिनांक 31.12.2009 में दी हुई शर्तो के संबंध में संतोषजनक सेवा संबंधी प्रमाण पत्र व सन्तान सम्बन्धी घोषणा प्राप्ति के आधार पर आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) स्वीकृत की जाती है।

श्री शैलेन्द्र कुमार झा का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12.09.2008 के पैरा 19 के अनुसार संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। वेतन निर्धारण से पूर्व कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि संबंधित कर्मचारी संशोधित वेतनमान 2008 में वेतन प्राप्त कर रहा है एवं ए.सी.पी. स्वीकृति तिथि को इनके विरूद्व कोई विभागीय जाचं लम्बित नहीं हैं। । इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्टि आवश्यक रूप से संबंधित कनिष्ठ लेखाकार की सेवा पुस्तिका में की जावे।

( वीरबाला जोशी )
निदेशक

क्रमांक एफ4(ई) (नि.प. 529/90) (88)/अलेसे–III/ 10351-10355 दिनांक:– 21/11/2013

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–**

1- कार्यालय कोषाधिकारी सीकर
2- श्री शैलेन्द्र कुमार झा, कनिष्ठ लेखाकार, कोषालय सीकर
3- निजी सहायक निदेशक, महोदय।
4- निजी/गार्ड फाईल/कम्प्यूटर (वेबसाईट हेतु)

(महेन्द्र सिंह भूकर)
अतिरिक्त निदेशक {कार्मिक–II}